Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 30-05-2022 | अंक 240

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# अपेम के पहल पर लस्करी के युवाओं ने 50 फलदार पौधे का किया वृक्षारोपण

## युवाओं ने वृक्षारोपण कर लिया पर्यावरण को बचाने का संकल्प














**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अपेम के पहल पर रसोईया धमना पंचायत के लसकरी में सोमवार को युवाओं ने लगभग 50 फलदार पौधे का वृक्षारोपण किया। साथ ही सभी युवाओं ने पौधे को बचाने का भी संकल्प लिया। वहीं युवा पर्यवारण प्रेमी जुल्फीकार ने बताया की हमे साथ मिलकर पर्यारण का संरक्षण करना है। आने वाले समय में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना है ताकि हमारा वातावरण साफ सुथरा रहे।

साथ ही उन्होंने कहा की कोरोना में हमने अपनी आंखों से लोगो को ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए तरसते देखा है। वहीं उन्होंने कहा की हम सभी युवाओं ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया है। जिससे अ०क्सीजन की कमी न आए साथ ही सभी युवाओं ने वृक्षारोपण के संरक्षण का भी संकल्प लिया

वहीं युवा पर्यावरण प्रेमी नरेश कुमार ने बताया की प्रकृति का दिया हुआ उपहार पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है। पेंड ही हमारे वातावरण को साफ और प्रदूषणमुक्त रखते है। यही पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखते है। पेड़ ही हमारे जीवन का सच्चा साथी है और इससे हमे जीवन मिलता है। पेड़ हमे फल फूल तो देते ही है इसके साथ ही हमे दवाई के रूप में वो औषधियां भी देते है, जो हमे जीने के लिए आवश्यक है। पेड़ हमारी तरह चल तो नही सकते और ना ही घूमकर अपनी जगह बदल सकते है पेड़ भी हमारी तरह सांस लेते है ये सांस के रूप में प्रकृति ने उपस्थित जहरीली गैस कार्बन डाई ऑक्साइड लेते है और हमे इसके बदले प्राण वायु ऑक्सीजन प्रदान करते है। पेड़ अपना पूरा जीवन काल में हमे अपना सब कुछ देते ही रहते है, पेंडो की वजह से बारिश होती है। बारिश होने से वातावरण में हरियाली, हमारे पीने के लिए पानी, खाने के लिए अनाज, जलाने के लिए ई. धन, पशुओं के लिए भोजन, बीमारियां दूर करने के लिए जड़ी बूटी, ठंढी छाया, कागज आदि मिलता है। वहीं मौके पर मौजूद सभी पर्यावरण प्रेमियों ने सभी से अपील किया की इस पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर अपने नाम का एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करे। मौके पर जुल्फीकार अली, नरेश कुमार, विक्रम कुमार, नसीम अंसारी, सुजल कुमार, राजा अंसरी, सनी कुमार, बसंत कुमार, मनीष कुमार, राहुल कुमार, अमन कुमार, अमित कुमार, शाहिद अंसारी, प्रिंस कुमार पियुस कुमार सुरज कुमार आंनद कुमार मुजाफिर अंसारी सहित दर्जनों अन्य पर्यवारण प्रेमी मौजूद थे।

# एंबीशन अकादमी के शिक्षको ने छात्रों संग किया वृक्षारोपण





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित एंबीशन अकादमी के शिक्षको ने अपने छात्रों के संग सोमवार को वृक्षारोपण किया। वहीं संस्थान के संचालक मो अजहरुद्दीन ने बताया की हमे साथ मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करना है। आने वाले समय में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना है ताकि हमारा वातावरण साफ सुथरा रहे। साथ ही साथ उन्होंने कहा की कोरोना में हमने अपनी आंखों से लोगो को सिलेंडर के लिए तरसते देखा है।

वहीं संस्थान के उप निदेशक मो शोएब ने बताया की प्रकृति का दिया हुआ उपहार पेड़ हमारे जीवन में बहुत ही महत्व रखता है। पेड़ ही हमारे वातावरण को साफ और प्रदूषणमुक्त रखते है। यही पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखते है।

मौके पर पम्मी पासवान, अंजली, सब्बा, शबाना, सानिया, नाजबुन, राबड़ी, राहुल , साहिल, इमरान, पूजा, आबिद, आरिफ, निराली, मो. कैफ़, तबस्सुम, नूरजहां, रुख्सार, रबीना, फातिमा, चाँदनी, ताहीर जन्नती, कनिजा, सितारा, महेजहाँ, तबस्सुम, सबीहा, शुमबुल, सगुप्ता, रौशनी, अफरोज़ी, सोहाना, जशिम, रोजी, जैनब एवं कनीजा मुख्य रूप से मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## धनवार मुखिया ने किया हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को सम्मानित

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सम्मानित कर खुद को गौरवान्वित महसूस किया : राजेन्द्र प्रसाद



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर स्वामी विवेक. ानंद पुस्तकालय प्रखंड परिसर बरही में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार एवं संचालन स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया । मौके पर सभी पत्रकारों को कलम डायरी देकर सम्मा. नित किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आंच. लिक पत्रकारों की कार्यशैली एवं जनता के बीच उनके दायित्वों के निर्वहन के सं. बंध में गहन मंथन किया गया । इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कहा की हिंदी पत्रकारिता दिवस का अपना एक विशेष महत्व है । हिंदी पत्रकारिता ने ही जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने में एक अहम भ. ूमिका निभाई है। पत्रका. रिता स्वच्छ, निर्भीक एवं सत्य पर आधारित होनी चाहिए । उन्होंने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सभी पत्रकारों को शुभकामना देते हुए कहा की प्रशासन एवं पत्रकार मिलकर जनता की समस्याओं को दूर करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजक धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि लो. कतंत्र के चौथे स्तंभ को सम्मानित कर मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। बैठक में प्रमोद विश्वकर्मा, जावेद इस्लाम, कृष्णा प्रजापति, दयानंद चौरसिया, अनुज कुमार, अनुज सोनी, राजदेव गुप्ता ने भी पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही बरही की मूलभूत समस्याओं को उजागर करने में अपना योगदान देने की बात कही। मौके पर श्याम मोहन शर्मा, जावेद इस्लाम, कृष्णा प्रजापति, प्रमोद विश्वकर्मा, रितेश कुमार दयानंद चौरसिया, सोनू पंडित, योगेंद्र प्रजापति, राजदेव गुप्ता, जयदीप सिन्हा, सोमनाथ ठाकुर, अनुज कुमार, विपिन पांडेय, अजय कुशवाहा, धनंजय कुमार, सुरेंद्र निषाद, दामोदर वर्मा, प्रकाश साव, नरेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## लस्करी में अखंड सुहाग का पर्व वट सावित्री संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के विभिन्न वट वृक्ष के नीचे सोमवार को ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के अवसर पर महिलाएं वट सावित्री पूजा की। इसी क्रम में लसकरी की सुहागन स्त्रियां ने भी वट सावित्री व्रत के लिए सोलह श्रृंगार करके सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत चना, फल और मिठाई से सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान का सुख प्राप्त होता है। महिलाएं प्राचीन काल से ही चली आ रही इस परंपरा के अनुसार अपने पति के दीर्घजीवी होने के लिए बरगद के पेड़ की पूजा और व्रत करती है। वहीं पूजा करा रहे पंडित जी ने बताया की इसी दिन सावित्री ने यमराज के फंदे से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। मुख्यता यह पूजन सौभाग्यवती स्त्रीयों का है। इस दिन बरगद के पेड़ का पूजन होता है। इस व्रत को स्त्रियां अखंड सौभाग्यवती रहने की मंगलकामना से करती है।

## मधुमक्खी के काटने से महिला घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत काटियोन निवासी नूतन देवी उम्र 30 वर्ष पति विनय सिंह, सोनी कुमारी उम्र 25 वर्ष पति धीरेंद्र सिंह को मधुमक्खी ने काट लिया जिससे घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो महिलाएं वट सावित्री पूजा करने गई हुई थी इसी दौरान मधुमक्खी ने काट लिया जिससे दोनो महिला घायल हो गई। आनन फानन में दोनो महिलाओं को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया।

## पति की दीर्घायु एवं सुख समृद्धि को लेकर सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

### बरही के कई क्षेत्रों में दिखा महिलाओं की भीड़,गर्मी पर भारी पड़ी आस्था



वटसावित्री पूजा करती सुहागिन महिलाएं

बरही प्रखंड अंतर्गत लगभग सभी ग्रामों में पति की लंबी उम्र और वट वृक्ष की तरह पति के अजर अमर रहने की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को वट सावित्री व्रत का पूजन किया । इसी दौरान सुहा. गिनों ने वट वृक्ष की तरह अपने पति को अटल रहने और उनके छांव तले अपने परिवार जनों और अन्य की छत्रछाया बने रहने की मन्नत मांगते हुए वट वृक्ष को परिक्रमा कर रक्षासूत्र बांधी । वट सावित्री पूजन को लेकर बरही के विभिन्न क्षेत्रों में मंदिरों समेत अन्य स्थानों में वट वृक्ष के नीचे सोमवार सुबह से सुहागिनों की भीड़ देखा गया। ग़ौरतलब हो कि वट सावित्री पूजन का दिन सुहागिन महिलाओं के लिए खास दिन होता है । क्योंकि इसमें एक कथा के अनुसार पति के लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखकर सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस पाने मे सफल हुई थी। न्यू कॉलोनी में पंडित राकेश शर्मा ने कथा का श्रवण कराते हुए बताया कि सत्यवान के प्राण को लेकर जब यमराज वापस जा रहे थे तो सावित्री ने अपने पति का पार्थिव शरीर को वट वृक्ष के नीचे उसके छांव तले रखकर यमराज के पीछे-चली थी । इसलिए आज के दिन वट वृक्ष महत्व को ध्यान में रखते हुए सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती है । गौरतलब है की सोमवार को सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना करते दिखी। बता दे कि वट सावित्री का व्रत जेष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या मनाई जाती है।

## पीडीएस के ई पॉश मशीन ने नए वर्जन से हो रही है परेशानी, एमओ से कार्डधारियों ने किया शिकायत

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने की एमओ को आवेदन दे अनाज से वंचित कार्डधारकों को अनाज देने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पीडीएस दुकान से ई पo श मशीन के माध्यम से फिंगर लगाकर अनाज का उठाव किया जा रहा है। लेकिन इस माह ई पॉश मशीन में नया वर्जन 5.3 लोड कर दिया गया है। जिसकी सूचना कार्डधारकों को नही दिया गया। नए वर्जन में पिछले माह में जो किसी कारणवश फिंगर नही लगा पाए। उनका राशन लेप्स कर दिया गया। जबकि पहले ऐसा नही होता था। अगर पिछले माह किसी कारणवश फिंगर नही लग पाता था तो वर्तमान माह में कार्डधारक दोनो माह का अनाज का उठाव कर लेते थे। लेकिन नए वर्जन में ऐसा नही हो पा रहा है।। जिसके कारण सैकड़ो कार्डधारक पिछले माह के राशन से वंचित हो गए है। इस बाबत भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव एवं कैलाश यादव ने एमओ को आवेदन देकर पिछले माह के राशन से वंचित कार्ड धारकों को अनाज उपलब्ध कराने की मांग की है।

## ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्मा विद्या वि. हंगम योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। जहां ओम कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान सिकंदर सिंह, मंगल घोष चंद्र मोहन मिश्रा, उद्घोष कृष्णा कुमार गुप्ता, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञान गुदड़ी सामूहिक,स्वर्वेद पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, भजन सिकंदर सिंह, प्रवचन चंद्र मोहन मिश्रा एवं वंदना, आरती और शांति पाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर चंद्रदेव सिंह, राजदेव सिंह, सिकंदर सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉo अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बेलकपी में बजरंग दल का गठन किया गया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के गठन हेतु शिवमंदिर प्रांगण बेल. कप्पी में बैठक का आयोजन किया गया।इस निमित्त कार्यक्रम में बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह राजपूत, जिला परिषद प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव, प्रखंड संयोजक विनोद प्रसाद, प्रखंड मंत्री सत्यम भारती, देवेंद्र पाण्डेय,धर्म प्रचार प्रसार धीरज गुप्ता, गौ-रक्षा प्रमुख विक्की कुमार संयुक्त रूप से बैठक में शामिल हुए।बैठक में पंचायत स्तरीय बेलकप्पी समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुरेश कुमार पाण्डेय, मंत्री अनुज कुमार पाण्डेय,सह मंत्री गणेश नायक, संयोजक विपुल कुमार पाण्डेय, सह संयोजक रोहीत लाल तिवारी का चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग कुमार,पवन कुमार,सुजीत कुमार, सूरज लाल, दीपक मेहता, मुन्ना पाण्डेय,सुरज कुमार, मि. थलेश पाण्डेय,बिरेन्द्र पाण्डेय, संतोष कुमार पाण्डेय, मुकेश कुमार तिवारी, राजेंद्र तिवारी, हीरालाल सोनी,राजेंद्र यादव, देवाचंद यादव, पियुष पाण्डेय,चंकी पाण्डेय, अजीत पाण्डेय, श्याम वर्णवाल, रिंकू माली, छत्रु ठाकुर, नरेश ठाकुर, सचिन कुमार पासवान, रामाअवतार पाण्डेय,सोनू पाण्डेय, नितीश कुमार पाण्डेय, हुलास नायक, सूर्यदेव पासवान,नरेश साव,दिनेश सोनी, गौतम पाण्डेय, जागेश्वर नायक, संतोष निराला, ब्रह्मदेव पाण्डेय, सीताराम ,राज. कुमार तिवारी, लक्ष्मण यादव, शिशुपाल यादव, शिवशंकर यादव,सदानंद पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## गिरीडीह मुफ्फसिल क्षेत्रों में वट सावित्रि व्रत पूजन बड़े धूमधाम से मनाई गई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह प्रखंड के आस पास क्षेत्रो में बड़े धूमधाम से वट सावित्री व्रत मनाई गई।यहां व्रत हर वर्ष जेष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या को समस्त महिलाये अखण्ड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना करके करती है।आज बराकर शिव धाम के परिसर में पांच वट वृक्ष है सभी में सेकड़ो महिला का भीड़ देखा गया।जंहा सभी अपनी सभी अपनी पूजा की थाली लेकर विभिन पकवान बनाकर अपने पति की लंबी उम्र की दुवा मांगी।सभी सबसे पहले वट वृक्ष की पूजा किया।उसके बाद कलावा भी लपेट।साथ ही साथ आज शुभ दिन होने के कारण भगवान शिवलिंग पर भी जल अर्पण किया गया। मंदिर के पुजारी नरेश शास्त्री में कहा कि आज बहुत शुभ दिन है ये दिन 12 साल के बाद आता है।इस दिन भगवान शिव को जल अर्पण करने से अच्छा लाभ होता क्लेश दूर होता है।कुछ महिलाओं ने कहा कि यह पर्व का पौराणिक कहानी है।जब सत्यवान की मृत्यु हो जाती है तो यमराज से सावित्रि अपने पति के प्राण वापस कर लेती है।और सावित्री उसी दिन से वट वृक्ष की पूजा करती ।इसलिय उसी समय से शादी शुदा महिला अपने पति की लंबे उम्र के लिए पूजा करी है।जिस प्रकार एक वट वृक्ष बहुत समय तक जीवित रहने वाला वृक्ष है उसी प्रकार अपने पति की लंबी आयु की कामना करती है।

## चलकुशा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने वट सावित्री पूजा की

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा :-प्रखंड क्षेत्र में महिलाओं ने अपने अपने पति के लंबी आयु के लिए वट सावित्री पूजा की इस पूजा के दौरान चलकुशा प्रखंड के प्रसिद्ध शिव मंदिर बडानो में महिलाओं का काफी भीड़ देखने को मिला एवं पूरे प्रखंड क्षेत्र में सुबह से ही महिलाओं ने अपने आस-पास के बरगद पेड़ के समक्ष जाकर विधिवत पूजा कर पेड़ के चारों ओर परिक्रमा करते हुए अपने अपने-अपने पति की लंबी आयु के लिए ईश्वर से मनोकामना की।

## सोलह सिंगार कर महिलाओं ने किया पति के दीर्घायु की कामना

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम कपिलो में पति की लंबी उम्र और वट वृक्ष की तरह पति के अजर अमर रहने की कामना को लेकर सुहा. गिन महिलाओं ने सोमवार को वट सावित्री व्रत का पूजन किया इसी दौरान सुहागिनों ने वट वृक्ष की तरह अपने पति को अटल रहने और उनके छांव तले अपने परिवार जनों और अन्य की छत्रछाया बने रहने की मन्नत है मांगते हुए वट वृक्ष को रक्षासूत्र बांधी वट सावित्री पूजन को लेकर बिरनी के विभिन्न क्षेत्रों में मंदिरों समेत अन्य स्थानों में वट वृक्ष के नीचे सोमवार सुबह से सुहागिनों की भीड़ देखने को मिला कहते हैं कि आज का दिन सुहागिनी के लिए खास दिन होता है आज ही के दिन पति के लंबी उम्र के लिए निर्जल व्रत रखकर सुहागिनों ने अपने पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस पाने मे सफल हुई थी सावित्री के प्राण को हराकर जब यमराज वापस जा रहे थे तो सावित्री ने अपने पति का पार्थिव शरीर को वट वृक्ष के नीचे उसके छांव तले रखकर यमराज के पीछे-चली थी इसलिए आज के दिन वट वृक्ष महत्व को ध्यान में रखते हुए सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती है गा. ैरतलब है की सोमवार को सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना करते दिखे बता दे कि वट सावित्री का व्रत जेष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या मनाई जाती है इस वर्ष अमावस्या तिथि का प्रवेश शनिवार की दोपहर 2रू 15 बजे ही प्रवेश कर गया इसलिए कई इलाकों में शनिवार को ही व्रत सम्पन्न हो गया उदया तिथि का पालन करने वाले इलाके में सोमवार को यह व्रत मनाया गया

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 तृतीय व चर्तुथ चरण की मतगणना कल 31मई से

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गरिडीह जिला में हुए त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के मद्देनजर तृतीय एवं चतुर्थ चरण में निर्वाचन के निमित्त प्रखंड धनवार, बिरनी, सरिया,बगोदर, डुमरी एवं पीरटांड़ में संपन्न मतदान की मतगणना दिनांक 31 मई को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाना है। जहां धनवार प्रखंड के लिए कृषि उत्पादन बाजार समिति, पचंबा गिरिडीह, बिरनी, सरिया एवं बगोदर प्रखंड के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय, बगोदर एवं डुमरी, पीरटांड़ प्रखंड के लिए झारखंड इंटर क०मर्स क०लेज, डुमरी में मतगणना की जानी है। इसी आलोक में धनवार प्रखंड के 504 मतदान केंद्रों हेतु 16 टेबल, चक्रों की संख्या 32, बिरनी प्रखंड के 339 मतदान केंद्रों के लिए 15 टेबल, चक्रों की संख्या 23, सरिया प्रखंड के 258 मतदान केंद्रों के लिए 16 टेबल, चक्रों की संख्या 17, बगोदर प्रखंड के 315 मतदान केंद्रों के लिए 19 टेबल, चक्रों की संख्या 17, डुमरी प्रखंड के 452 मतदान केंद्रों हेतु 15 टेबल, चक्रों की संख्या 31 तथा पीरटांड़ प्रखंड के 219 मतदान केंद्रों हेतु 17 टेबल, चक्रों की संख्या 13 की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विदित हो कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड, रांची के निर्देशानुसार प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे मतगणना प्रारंभ होगी एवं रात्रि 8:00 बजे तक चलेगी। सामान्यता एक दिन में पांच से सात चक्र मतों की गणना हो सकती है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए ही संबंधित प्रखंड के जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं ग्राम पंचायत सदस्य (वार्ड सदस्य) पद के अभ्यर्थियों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता को मतगणना केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।-

## महंगाई, बेरोजगारी , पंचायत प्रतिनिधियों की खरीद फरोख्त के खिलाफ माले ने चलाया जन अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के बेंगाबा प्रखंड के ओझाडीह पंचायत के अंबाटांड गांव में रविवार 29मई को भाकपा माले ने महंगाई तथा बेरोजगारी के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान पंचायत प्रति. निधियों के खरीद-फरोख्त का भी मुद्दे पर भी लोगों को जागरूक किया। अभियान के तहत ओझाडीह पंचायत के अंबा. टांड़ में एक बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता माले नेता फोदार सिंह ने करते हुए मोदी शासन में महंगाई तथा बेरोजगारी पर चरम स्तर पर पहुंच जाने का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ जोरदार संघर्ष की जरूरत बताई। श्री सिंह ने गांव में जले हुए ट्रांसफार्मर को लेकर भी बिजली विभाग को 15 दिन का अल्टीमेटम देकर उसे बदलने की मांग की, अन्यथा आंदोलन की चेता. वनी दी। वहीं, बैठक में मौजूद भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड राजेश यादव ने कहा कि, मोदी शासन में बढ़ी हुई महंगाई और बेरोजगारी से आम लोगों तथा युवाओं का जीना मुहाल हो चुका है। सरकार जनता तथा बेरोजगार नौजवानों के लिए बोझ बन चुकी है। इसके खिलाफ जोरदार अभियान चलाने की जरूरत है। साथ ही, श्री यादव ने पंचायत चुनाव के बाद प्रमुख/उप प्रमुख के चुनाव को लेकर पंचायत समिति सदस्यों का खरीद-फरोख्त शुरू होने का आरोप लगाते हुए इसे प्रखंड के लिए अत्यंत घातक तथा जनता के जनादेश के साथ गद्दारी बताया। उन्होंने कहा कि, बिकाऊ पंचायत समिति सदस्य क्षेत्र से गायब किए जा चुके हैं। कहा कि, पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान वोट बेचने वाले ऐसे प्रतिनिधियों को भी बेनकाब किया जाएगा।। आज की बैठक में शंकर सिंह, हीरो सिंह, अशोक सिंह, दामोदर सिंह, दुलार सिंह, गिरधारी यादव, भीम मुर्मू, चुना मुर्मू, उमेश कुमार यादव, मुकेश मुर्मू, हरि सिंह, मोहन सिंह, मनोज मुर्मू, का. लिदास मुर्मू, कटी मुर्मू, कर्मी देवी, मोसेमत पोदिना देवी, हीरा देवी, ढलिया देवी, हेमनी देवी, रेखा देवी, निर्मला देवी, समलता देवी, चंद्रिका देवी, बिजली देवी, जगिया देवी, बसंती देवी आदि मौजूद थे और सब उन्हें एकमत होकर श्अखिल भारतीय किसान महासभाश की ग्राम कमिटी का गठन किया।

## चलकुशा कांड 22/22 के आरोपी गिरफ्तार, जेल

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा :- थाना के कांड संख्या22/22 के छः आरोपी में से एक आरोपी को चलकुशा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पांच की तालाश कर रही है पुलिस। थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि सभी आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा ।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कोरोना महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना तहत सहायता कीट वितरण

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला मुख्यालय पपरवाटांड़ में आज सोमवर को सभागार कक्ष में उप विकास आयुक्त, श् शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में कोरोना महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर फ०र चिल्ड्रेन योजना के सहायता कीट का वितरण किया गया। उक्त योजना के तहत गिरिडीह जिले 05 अनाथ बच्चों को पीएम केयर फ०र चिल्ड्रेन योजना के तहत सहायता कीट देकर उन्हें इस योजना से लाभान्वित किया गया। इस दौरान उपरोक्त के अलावा जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदा. धिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, लेबर सुप. रीटेंडेंट, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल संरक्षण कार्यालय के अधिकारी व कर्मी के अलावा अनाथ बच्चें उपस्थित थे। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह एक कल्याणकारी योजना है। जिसका लाभ कोविड से अनाथ हुए बच्चों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बच्चों को अंत्योदय योजनाओं के जरिए हर महीने चार हजार रुपए महीने की धनराशि मिलेगी। साथ ही उन्हें 18 साल से 23 साल तक स्टाइपेंड भी मिलेगा। साथ ही साथ उनको बेहतर शिक्षा के लिए लोन भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जब बच्चे 23 वर्ष के हो जाएंगे तो उन्हें 10 लाख रुपए और मिलेगा। इसके अलावा उन्हें आयुष्मान कार्ड भी दिया जा रहा है। जिससे कि वो 05 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे। इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा बच्चों से संवाद करने हेतु एक विशेष संवाद सेवा भी शुरू किया गया है। इस हेल्पलाइन के जरिए बच्चें मनोवैज्ञानिक विषय पर सलाह ले सकते हैं। उनसे चर्चा कर सकते हैं। बच्चों को भोजन और उपलब्ध कराकर उनकी देखभाल और सुरक्षा सु. निश्चित करना है । ऐसे बच्चों को शिक्षा और स्क०लरशिप के जरिए सशक्त बनाने के साथ 23 साल की उम्र में 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है । यह स्कीम हेल्थ इंश्योरेंस के जरिए ऐसे बच्चों की सेहत का भी ख्याल रखती है । इसके तहत उन्हें 5 लाख रुपए का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा।

## पंचायत समिती के प्रमुख , उप प्रमुख के चुनावी प्रक्रिया हेतु पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला के तेरह प्रखंडों में होने वाली प्रमुख और उपप्रमुख के चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह उपायुक्त गिरिडीह ने मतदान स्थल पर अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी और सहायक निर्वाची पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी है जो इस प्रकार हैरू– गांवा प्रखंड के लिए अध्यक्षा सह निर्वाची पदा. धिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह अनुमंडल पदाधिकारी खोरि. रमहुआ और सहायक निर्वाची पदाधिकारी महेंद्र रविदास बीडीओ गांवा और दीपक प्रसाद कार्यपालक दंडाधिकारी खोरीमाहुआ तिसरी प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह एसडीएम खोरिमहुआ और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार प्रजापति बीडीओ तिसरी व असीम बाड़ा सीओ तिसरी, देवरी प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदा. धिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह एसडीएम खोरिमहुआ और सहायक निर्वाची पदाधिकारी इंद्रलाल ओहदार बीडीओ देवरी व राजमोहन तुरी सीओ देवरी, जमुआ प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह एसडीएम खो. रिमहुआ, सहायक निर्वाची पदाधिकारी अशोक कुमार बीडीओ जमुआ व द्वारिका बैठा सीओ जमुआ, धनवार प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह एसडीएम खो. रिमहुआ और सहायक निर्वाची पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय बीडीओ धनवार व नरेश कुमार वर्मा सीओ धनवार, बिरनी प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी कुंदन कुमार एसडीएम बगोदर सरिया और सहायक निर्वाची पदाधिकारी सुनील वर्मा बीडीओ बिरनी व अशोक राम सीओ बिरनी, सरिया प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदा. धिकारी कुंदन कुमार एसडीएम बगोदर सरिया और सहायक निर्वाची पदा. धिकारी विकास आंनद कार्यपालक दंडाधिकारी डुमरी व रमेशचंद्र तिवारी सीओ सरिया, बगोदर प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी कुंदन कुमार एसडीओ बगोदर सरिया और सहायक निर्वाची पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता बीडीओ बगोदर व हीरा कुमार सीओ बगोदर, डुमरी प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी प्रेमलता मुर्मू एसडीएम डुमरी और सहायक निर्वाची पदाधिकारी सोमनाथ बंकिरा बीडीओ डुमरी व धनंजय गुप्ता सीओ डुमरी, पीरटांड़ प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी प्रेमलता मुर्मू एसडीएम डुमरी और दिनेश कुमार बीडीओ पीरटांड़ व विनय प्रकाश तिग्गा सीओ पीरटांड़, गिरिडीह प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदा. धिकारी विशालद्वीप खलको एसडीएम गिरिडीह और सहायक निर्वाची पदाधिकारी दिलीप कुमार महतो बीडीओ गिरिडीह वा रविभूषण प्रसाद सीओ गिरिडीह, बेंगाबाद प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी विशाल द्वीप खलको एसडीएम गिरिडीह और सहायक निर्वाची पदा. धिकारी मो कयूम अंसारी बीडीओ बेंगाबाद व कृष्णा कुमार मरांडी सीओ बेंगाबाद, गांडेय प्रखंड के लिए अध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी विशालद्वीप खलको एसडीएम गिरिडीह और सहायक निर्वाची पदाधिकारी विजय कुमार बीडीओ गांडेय व मो सफी आलम सीओ गांडेय की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## माले ने की मारपीट के आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**





गिरिडीह भाकपा माले ने पिछले दिनों एक दलित महिला मालती देवी के साथ बुरी तरीके से मारपीट किए जाने के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। इस मामले को लेकर आज भाकपा माले के बेंगाबाद प्रखंड के जिला परिषद नेता अशोक कुमार तुरी ने पीड़ित महिला एवं उसके पति के साथ मुफस्सिल थाना जाकर वहां के अधिकारियों से बात कर तत्काल घटना के दोषियों की गिरफ्तारी मांग की।श्री तुरी ने बताया कि, सोनबाद निवासी मालती देवी अपने पति एवं बच्चों के साथ सिरसिया डी ए वी के नजदीक किराए के एक मकान में रहती है। उसके मकान मालिक का अपने भाई अनुप सिंह के साथ कुछ आपसी विवाद है। लेकिन अनुप सिंह उस विवाद को लेकर अपने भाई के बजाए उसके द्वारा दिए गए किराए के मकान में रहने वाली मालती एवं उसके परिवार के साथ आए दिन विवाद किया करता है। इसी क्रम में विगत 11 मई को भी उसने मालती देवी के परिवार के साथ झमेला खड़ा कर गाली–गलौज कर दिया जिसका विरोध करने पर उसने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर मालती देवी के परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें मालती बुरी तरह से घायल हो गई। पीड़ित परिवार द्वारा मामले की लिखित सूचना दिए जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इधर जानकारी मिलने पर माले नेता राजेश यादव ने भी गिरीडीह मुफ्फसिल थाने में फोन कर केस के संबंधित अधिकारी से बात की और आरोपियों के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा गिरिडीह नगर इकाई ने राज्यपाल झारखण्ड के नाम ज्ञापन सौंपा



**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज सोमवार 30मई को भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह नगर इकाई प्रति. निधि मंडल ने उपयुक्त गिरिडीह को महामहीम राज्यपाल झारखण्ड के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि झारखण्ड सरकार ने पंचायत चुनाव के बीच गुपचुप तरीके से निर्णय लेकर झारखण्ड राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों के होल्डिंग टैक्स में सर्किल रेट को आधार बनाकर 300:तक की वृद्धि का पत्र जारी कर दिया है जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली घटना है। महाम. हिम राज्यपाल से इस मामले पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है साथ ही कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की भी बात कही गई है। ज्ञापन सौंपने में प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला महामंत्री संदीप डंगैच, भाजपा नेता चुन्नुकांत, मोतीलाल उपाध्याय पूर्व महापौर सुनिल पासवान, सिंकू सिन्हा, संतोष गुप्ता, रंजीत सिंह, पियूष सिन्हा, संजीव कुमार, समीर दीप, अरुण गुप्ता समेत कई अन्य मौजूद थे।



भारतीय जनता पार्टी

हरमिन्दर सिंह बग्गा
नगर अध्यक्ष
भाजपा गिरिडीह नगर
सचिव
अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ,
गिरिडीह जिला।

आवास:
पंजाबी मोहल्ला
गिरिडीह (झारखण्ड)
मो0 9431921223

पत्रांक 6/2022 दिनांक 30-05-2[illegible]

सेवा में,
महामहिम राज्यपाल,
राजभवन, रांची, झारखंड।
द्वारा :- उपायुक्त , गिरिडीह
विषय :- झारखंड सरकार द्वारा होल्डिंग टैक्स में की गई बेतहाशा वृद्धि को वापस लेने हेतु निर्देशित करने के सम्बन्ध में।

महोदय ,
झारखंड सरकार ने पंचायत चुनाव के बीच में गुप चुप ढंग से निर्णय लेकर झारखंड प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों के होल्डिंग टैक्स में सर्किल रेट को आधार बनाकर 300% तक की वृद्धि का पत्र जारी कर दिया है जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में हम सबों की जानकारी में पहली घटना है । इस टैक्स वृद्धी ने मुगल कालीन कर वसूली को भी पीछे छोड़ दी है जो झारखंड की बेरोजगार और आर्थिक तंगी से जूझ रही जनता के जख्म पर नमक छिड़कने जैसा है।
महोदय, एक ओर जहां राज्य सरकार और पदाधिकारियों के असहयोग के कारण निकाय जनता को नगर निकाय की मौलिक सुविधाओं से वंचित रखने का काम कर रही है वहीं दूसरी ओर सरकार ने बेतहाशा टैक्स वृद्धि का एकपक्षिय, अतार्किक, अलोकतांत्रिक और जनविरोधी निर्णय लिया है जिसका भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ गिरिडीह एवं प्रदेश की जनता विरोध करती है।

महोदय, इस ज्ञापन के माध्यम से हम सभी अनुरोध करते हैं कि भवदीय स्तर से राज्य सरकार को बेतहाशा होल्डिंग टैक्स वृद्धि वापस लेने हेतु निर्देशित किया जाए ताकि प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस न करे ।
होल्डिंग टैक्स वृद्धि वापस नहीं लेने की स्थिति में गिरिडीह की पीड़ित जनता के सहयोग से हम सभी को इस निर्णय का चरनबद्ध आंदोलन के माध्यम से विरोध करने के लिए विवश होना पड़ेगा।
साभार एवं सधन्यवाद समर्पित

भवदीय
भाजपा ,गिरिडीह

प्रतिलिपि:-
1. उपमहापौर सह महापौर , गिरिडीह नगर निगम।
2. उपनगर आयुक्त
गिरिडीह नगर निगम।

2022/5/30 17:06

## डॉ आर एस दांगी ने किया एमटीसी का निरीक्षण,

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडलीय अस्पताल में संचालित कुपोषण उपचार केंद्र का डॉ आर एस दांगी ने निरीक्षण किया। कुपोषण उपचार केंद्र में इलाजरत बच्चो एवं उसके अभिभावकों से केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों को मिलने वाली डायट के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कुपोषित बच्चों के लिए संधारित किये जाने वाली पंजी का अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिया । प्रभारी डॉ भैरव शंकर अग्रवाल ने कुपोषण उपचार केंद्र के बारे विस्तार से जानकारी दी।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## माले के बैनर तले झंडा मैदान में पुतला फूंका गया होल्डिंग टैक्स वृद्धि के खिलाफ़

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला मुख्यालय के पास स्थित झंडा मैदान में झारखण्ड सरकार द्वारा होल्डिंग टैक्स की बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ़ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। भाकपा माले की मुख्य मांगे हैं 1-नगरनिगम द्वारा होल्ड़िंग टेक्स बढ़ोतरी को कम किया जाय 2--बिल्डिंग बेहतर होने के बाद भी बिल्डिंग को तोड़ना गलत यदि तोड़ना है तो किस किस दुकानदार को मुवावजा मिला है पता -पूछता है माले 3- नगरनिगम के बगल में जो 10 परिवार रहते है उसको भी उजाड़ने से पहले व्यवस्था करना होगा। भाकपा माले नेता सह गिरिडीह विधान सभा प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा ने कहा की राज्य सरकार को इस प्रकार जनता पर बोझ देना सरासर गलत है, राज्य सरकार के निर्णय को भी नगरनिगम का बोर्ड बैठक खारिज कर सकता है,तो किस के दबाब में बोर्ड बैठक नहीं हुई। जब तक सभी मुद्दे पर बात नहीं बनी लगातार आंदोलन जारी रहेगा। माले के अगुवाई में नगर. निगम के नाम का पुतला फूंका गया,विषय था कि होल्ड़िंग टेक्स की बढ़ोतरी बिना जनता के मजबूरी को जाने,बिना बोर्ड में पास किए, बिना वार्ड कमिश्नर को संज्ञान में दिए,बिना जनता को बताए, होल्ड़िंग टेक्स दो गुणा,तीन गुणा तक बढ़ाया गया है। सुवीधा के नाम पर नगरनिगम के द्वारा कोई सुवीधा नहीं,जो सुवीधा है आधे अधूरी है,इतना फायदा होने के बाद भी नगर निगम के अधिकारी कोई सुवीधा पर बात नहीं करना चाहते।माले ने जागरूकता के लिए सभी 36 वार्ड की जनता को आवाहन किया है कि विरोध में पुतला तो अवश्य जलाए।दूसरी और नगर. निगम की बिल्डिंग अभी अच्छी है रेपयरिंग से बेहतर हो सकता था,किन्तु नए भवन बनाने की बाते उसी पुराने को ध्वस्त कर के बनाना,साफ साफ झलकता है कि जगह भी वही चाहिए और बिल्डिंग को भी ध्वस्त करना है,यदि बिल्डिंग बने तो अलग जगह बने,ताकि इसी बिल्डिंग में कोई दुसरा सरकारी अ०फिस चल सके,डीसी आफिस एक उदाहरण भी है। नगरनिगम में 22 दुकानें है उनके जिंदगी का क्या होगा? सवाल है जब तक बिल्डिंग बनेगी दुकानें तोड़ी जाएगी तब तक क्या दुक. ानदारों को मानदेय मिलेगा या इनके लिए दुकानें फिक्स की जाएगी उसी रेट में तब तक दुकानदार इंतजार करेंगे तब तक इनको दुकान कहाँ मिलेगा? नगरनिगम में बगल में सफाई कर्मी का घर लगभग 15 है उनका भी भविष्य खतरे में ले जा रहा है नगरनिगम,उनकी लड़ाई भी लड़ेगा माले। इसलिए दुकानदार भी नगर. निगम के अड़ियल रवईया के खिलाफ एक जुट हो गए है। दुकानदार धीरज गुप्ता,धीरज केसरी,राजू गुप्ता,डझ राम प्रसाद सिंह,बिजय वर्णवाल,बिकास वर्णवाल,बिपिन अग्रवाल,मो रुस्तम,सतेंद्र साव,अनुज कुमार, बिजय लाल केसरी,संजय, सुधीर कुमार, स्वर्गीय संजय वर्णवाल, संजय गुप्ता, उषा देवी,झुम्मा देवी,तौफीक आलम,शुशांत बनर्जी,माले के शहबाज आदि थे जबकि जो 100 साल से नगर. निगम के पास रहते थे उनको भी उजाड़ा जाएगा उनके नाम है जो पुतला दहन में आए थे।छाया देवी,मालती देवी,जानकी देवी,लाखो मुनि,मंजू देवी,सलोनी देवी सहित कई अन्य मौजूद थे।

## जन कल्याण समिति ने वट सावित्री पूजन के स्थान पर लगाया पंडाल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में सोमवार को प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी 4रू00 सुबह से जन कल्याण समिति के सदस्य वृक्ष के चारों ओर साफ-सफाई करके एंव पुजा करने वाली सभी सुहागिनों को चिलचिलाती धूप से बचने के लिए पंडाल का व्यवस्था कराया। जिससे शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न हुआ।

पूजा कराते पुजारी उपेंद्र पांडेय ने इस पूजा के महत्व को बताते हुए कहा कि पूजा करने का समय पूर्वाह्न 12:30 बजे पूजा का शुभ मुहूर्त है। और उन्होंने कहा कि अमावस्या के दिन किया गया वह पूजा पाठ स्नान दान करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। समिति के संस्थापक :-संतोष कुमार प्रजापति ने कहा कि इस दिन स्त्रियों व्रत रखकर वट वृक्ष के पास पहुंचकर धूप दीप से पूजा करती हैं तथा रोड़ी और अछ्त चढ़ाकर वट वृक्ष पर कलावा बांधती है साथ ही साथ हाथ जोड़कर वृक्ष की परिक्रमा लेती है जिससे पति का जीवन में आने वाले बाधाऐं दूर होती है तथा सुख समृद्धि के साथ लंबी उम्र की प्राप्त होती है। वहीं समिति के सचिव रू कमलेश कुमार कुशवाहा ने कहा कि वट वृक्ष के नीचे सावित्री अपने पति व्रत के प्रभाव से मृत पड़े सत्यवान को पुनः जीवित किया था तभी से इस व्रत को सावित्री के नाम से जाना जाता है और महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य एवं कल्याण के लिए यह व्रत रखती हैं।

समिति के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ने कहा कि ज्येष्ठ मास के व्रतो में वट अमावस्या का व्रत बहुत प्रभावी माना जाता है जिसमें सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु एवं सभी प्रकार की सुख समृद्धियों की कामना करतीं हैं। इसका जानकारी समिति के मिडिया प्रभारी दीपक कुमार प्रजापति ने दिया। मौके पर चंदन कु. केशरी, प्रवीण कु.प्रजापति, प्रकाश कु.प्रजापति, अर्जुन प्रजापति और गांव के डोमन साव एंव पुर्व शिक्षक तोखन प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

## तृतीय एवं चतुर्थ चरण का मतगणना को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों संग तैयारियों का किया समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी :-समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त चतरा अंजली यादव ने तृतीय एवं चतुर्थ चरण के संपन्न हुए चुनाव का मतगणना, जो 31 मई 2022 को चतरा क०लेज चतरा एवं प्लस टू हाई स्कूल सिमरिया में निर्धारित है, इसकी तैयारियों का समीक्षा किया। उपायुक्त ने कल यानी 31 मई को अपने निर्धारित समय प्रातः 8 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रपत्र 19, 20 एवं 21 के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं कार्य में लगे सभी पदाधिकारियों कर्मियों को ससमय चतरा कॉलेज एवं प्लस टू हाई स्कूल सिमरिया में बने मतगणना केंद्र में उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना को लेकर जारी सभी निर्देशों का अनुपालन करते हुए उत्तरदायित्व पूर्ण मतगणना प्रक्रिया सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय हैं कि 31 मई को प्रातः8 बजे से मयूरहंड, इटखोरी एवं कान्हाचट्टी का मतगणना चतरा क०लेज में वहीं टंडवा सिमरिया गिद्धौर एवं पथलगड्डा का मतगणना प्लस टू हाई स्कूल सिमरिया में निर्धारित है। इस बैठक मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता, पवन कुमार मंडल, निदेशक डीआरडीए, अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, सुधीर कुमार दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, गा. ैरांग महतो, जिला कृषि पदाधिकारी, अशोक सम्राट, जिला सूचना विज्ञान पदा. धिकारी राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी, जिला खेल कूद पदाधिकारी, डॉ प्राण महतो समेत विभिन्न कोषांग के नोडल पदाधिक. ारी एवं अन्य संबंधित कर्मी मौजूद थे।'-

## प्रमुख चुनाव को लेकर पंचायत समिति सदस्यों की खरीद फरोख्त पर राज्य निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के बेंगाबाद गांडेय सहित अन्य कई प्रखंडों में प्रमुख/उप प्रमुख के चुनाव को लेकर पंचायत समिति सदस्यों की खरीद-फरोख्त का खुला खेल चल रहा है। भाकपा माले इसकी कड़ी निंदा करती है तथा निर्वाचन आयोग सहित गिरिडीह जिला प्रशासन से भी इस मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की मांग करती है। उपरोक्त बातें भाकपा माले नेता एवं बेंगाबाद प्रखंड के भूतपूर्व जिप सदस्य राजेश यादव ने कही है। उन्होंने कहा कि, बेंगाबाद प्रखंड में प्रमुख चुनाव को लेकर जिस तरह से पैसे तथा कई अन्य तरह के प्रलोभन देकर येन-केन-प्रकारेण पंचायत समिति सदस्यों को पकड़ कर अपने पाले में किया जा रहा है, वह इस प्रखंड के लिए बेहद ही शर्मनाक बात है। कहा कि, आम जनता का वोट लेकर पंचायत समिति सदस्य बनने वाले जो लोग निजी स्वार्थ में अपना वोट बेचने की कतार में खड़े हैं, उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। श्री यादव ने पार्टी द्वारा अभियान चलाकर ऐसे प्रतिनिधियों को जनता के बीच बेनकाब करने का भी ऐलान किया। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग सहित गिरिडीह जिला प्रशासन से भी संज्ञान लेते हुए इस तरह के घृणित तथा गैर कानूनी कार्य में लगे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए वट सावित्री की पूजा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



सुहागिन महिलाएं ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या के दिन स्नान ध्यान कर निर्जला उपवास रहकर सोलह सिंगार से सुसज्जित होकर वट वृक्ष सावित्री पूजा की । एवं पति की लंबी आयु ,के साथ अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के साथ अपने परिवार की रक्षा के लिए वट वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधी । प्रखंड के बड़कागांव, बरवाडीह, नापो खुर्द, सीकरी, चेपा कला, बादम, बिश्रामपुर, तलसवार , के अलावा कई गांव में सावित्री पूजा की गई। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की नीचे बैठकर पुरो. हित से सावित्री एवं सत्यवान की कथा सुहा. गिन महिलाओं ने सुनी। वहीं सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष में अक्षत, कुमकुम,श्रृंगार लगाई और पति की रक्षा के लिए प्रतीक स्वरूप मौली धागा को वट वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा कर बा. धी।और अपने पति की दीर्घायु के साथ अपने परिवार की रक्षा व सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना की।

## असंतुलित होकर पलटा ट्रैक्टर, चालक की स्थिति गंभीर किया गया रेफर

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीहरू गांवा थाना क्षेत्र के गांवा निवासी रणधीर चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र रघुवीर कुमार सोमवार को अपने ट्रैक्टर वाहन को किसी काम से हरनी लेकर जा रहा था। इस बीच गांवा हरनी मुख्य पथ पर भित्ता पुल पर एक बाइक आ जाने से असंतु. लित होकर ट्रैक्टर को पलट दिया जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में 108 के द्वारा ग्रामीणों के मदद से चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांव में लाया गया जहां डूझक्टर हबीबुल्लाह खान ने प्राथ. मिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सुहागिनों ने अपने सुहाग की रक्षा के लिए की वट बृक्ष के नीचे मंगल कामना

### अपने पति के लंबी उम्र की कामना को लेकर महिलाओं ने श्रद्धा भक्ति से की वट सावित्री की पूजा अर्चना

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :– जिले में सभी जगहों पर सनातन धर्म की महिला ने की पूजा अर्चना, आपको बता दें कि जेष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की सोमवती अमावस्या अर्थात सोमवार को चतरा मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों में महिलाओं ने अपने अपने इलाके के पीपल वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की और पीपल वृक्ष के चारों ओर धागे के सूत्र लपेटकर परिक्रमा की। पीपल वृक्ष के नीचे ब्राह्मण द्वारा पूजन अर्चना कर कथा सुनी और पीपल देव एव वर वृछ से अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए आशीर्वाद मांगी आपको बताना जरूरी है कि सनातन धर्म में चाहे वह पीपल वृक्ष हो चाहे वह आम का वृक्ष हो या फिर केले का वृक्ष हो सभी का अपना महत्व है, और सभी वृक्षों को अपने अलग–अलग ढंग से पूजन के कार्य में इस्तेमाल किया जाता है। और ऐसी मान्यता भी है कि पीपल वृछ में भगवान शनिदेव का वास है और साथ ही साथ सोमवती अमावस्या के दिन पीपल वृक्ष की खासतौर पर पूजा अर्चना की जाती है। इस पर्व को लोग वट सावित्री की पूजा के नाम से जाना जाता है!

## विष्णुगढ़ में राह चलते साइकिल सवार की मौत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



मृतक साइकिल सवार


विष्णुगढ़ गोमियां मार्ग में नवादा स्थित तीन मील मोड़ के पास सोमवार को राह चलते एक साइकिल सवार की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान नरकी पंचायत के अलकीलवा निवासी सुकर गंझू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वे साइकिल से सवार होकर किसी काम से विष्णुगढ़ की ओर आ रहे थे। इसी दौराननवादा अर्शदूल उलूम के पास वे अचानक अचेत हो गिर पड़े और कुछ मिनटों के भीतर दम तोड़ दिया। घटना के बाद आ. सपास के ग्रामीण जुटे और विष्णुगढ़ पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घटना का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। इधर, सूचना पाकर परिजन भी घटनास्थल पहुंचे। परिजनों को रो–रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भी आंखे नम हो गई।




## कुशल रणनीतिकार बने मुकेश सिन्हा, दादपुर मुखिया के जीत में निभाया अग्रणी भूमिका

### कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष व वर्तमान मुखिया को चुनौती देकर गदौरी दाँगी ने जीता चुनाव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**





कहते है चुनाव की राजनीति मे कूटनीति एवं रणनीति का विशेष महत्व होता है । कुशल रणनीति से बड़े बड़े चुनावों में वि. रोधियों को परास्त किया जा सकता है। बात पंचायत चुनाव की करे तो सबकी भागीदारी से ही चुनाव जीता जाता है लेकिन रणनीतिकार का विशेष महत्व होता है। हम बात कर रहे दादपुर पंचायत से साधारण व्यकितत्व के गंदौरी दाँगी के जीत के नायक भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा की, जिन्होंने अपने कुशल नेतृत्व में दादपुर मुखिया व जिला परिषद भाग एक से राकेश रंजन के जीत में महती भूमिका निभाया। बात दादपुर पंचायत का किया जाए तो पूरे जिले सहित चौपारण में दादपुर पंचायत चर्चा का केंद्र बिंदु रहा था। भला हो भी क्यों न पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारो के बीच महज तीन और चार मत का ही अंतर रहा। चुनाव से पहले हॉट सीट माने जाने वाले दादपुर पंचायत से वर्तमान मुखिया नूतन सिन्हा में साथ कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, कांग्रेस नेता प्रह्लाद सिंह व जीत के प्रबल दावेदार युवा नेता संजय यादव का प्रतिष्ठा दांव पर लगा हुवा था। इन सबके बीच निजी विद्यालय में शिक्षण का कार्य करने वाले गंदौरी दाँगी ने सबका चुनौती स्वीकारा और कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष को तीन मत व युवा नेता संजय यादव को चार मत से पराजित कर दादपुर की कुर्सी अपने नाम किया। पंचायत चुनाव के शुरुआती दौर से लेकर, चुनाव प्रचार, प्रसार व बूथ प्रबंधन तक मुकेश सिन्हा ने गदौरी दाँगी का साथ दिया व मतगणना के दौरान रिकाउंटिंग तक मजबूती से लड़ा और जीत झोली में डाला।

**धनबल को जनता ने नकारा व जनबल को स्वीकारा : मुकेश सिन्हा**

मुकेश सिन्हा ने दादपुर की मतदाताओं को आभार प्रकट करते हुए कहा कि दादपुर पंचायत में धन की हार व जनबल का जीत हुवा है। एक सवाल के जवाब में श्री सिन्हा ने कहा कि कुशल चुनाव प्रबंधन व रणनीति से दिगज्जो को भी पराजित किया जा सकता है। कहा हमने दादपुर की कमान ऐसे व्यक्ति के हाथों में दिया है जिसके पास आपको जाने की जरूरत नही बल्कि आपके पास खुद मुखिया चलकर आएगा व आपके समस्या समाधान करेगा।

## अंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष आशीष आर्य ने नए थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की से शिष्टाचार मुलाकात की

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : अंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष आशीष आर्य ने बड़कागांव के नए थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की से शिष्टाचार मुलाकात की एवं अपने क्षेत्र एवं समाज के विकास के लिए उन्होंने कई चर्चाएं की। साथ ही साथ नए थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी।

APEM LIVE

## कैंसर पीड़ित गुड़िया देवी को है मदद की जरूरत, समाज से एक अपील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



गुड़िया देवी पति योगेश ठाकुर ग्राम कुर्जुन,प्रखंड इट्खोरी जिला चतरा पिछले तीन माह से कैंसर बीमारी से पीड़ित है.उनके परिजन अपने औकात के हिसाब से इलाज कराकर हार चुके है.गुड़िया को अब आगे की इलाज के लिए मददत की जरूरत है.उसके तीन छोटे छोटे बच्चें है.योगेश मुंबई में रोजी रोटी कर घर परिवार का भरण पोषण कर रहा था.पर जब से उनकी पत्नी बीमार है. योगेश उसी के इलाज में परेशान है.योगेश मुंबई से गुड़िया का इलाज कराकर घर लौटे है.चिकित्सकों के मुताबिक गुड़िया को प्रत्येक माह एक सप्ताह केमो थ. `रेपी लगाने के लिए रांची में भर्ती होने पड़ता है.जहां प्रत्येक माह 45 हजार रुपये का खर्च आ रहा है. उनके परिजन अब हार चुके है.उनके पास इतना भी पैसा नही है.जिसे वे अपनी पत्नी का इलाज करा सके.योगेश ने समाज से सहयोग का अपील किया है.योगेश का बैंक खाता संख्या 318611800441З है. जो योगेश कुमार ठाकुर के नाम से है.एवं मो 9955510079 ये है. इच्छुक ब्यक्ति इस पर सहयोग राशि भेज कर गुड़िया के इलाज में मददत कर सकते है.आप सबो के सहयोग से गुड़िया का बेहतर इलाज हो सकता है.

APEM LIVE